	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	कार्तिक 20, सोमवार, *शाके* 1941–नवम्बर 11, 2019	
	Kartika 20 Monday, Saka 1941–November 11, 2019	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ

विधि एवं विधिक कार्य विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 23, 2019

संख्या प.1(6)न्याय/2019 :- राजस्थान सिविल न्यायालय अध्यादेश, 1950 (सन् 1950 का अध्यादेश संख्या-7) की धारा 7 की उपधारा (1) धारा 10 की उपधारा (1) एवं धारा 16 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान उच्च न्यायालय के परामर्श से, राज्य सरकार एतदद्वारा, तुरन्त प्रभाव से, कॉलम संख्या-2 में उल्लेखित जिला न्यायाधीशों के समक्ष विचाराधीन वादों को शीघ्र निपटाने हेतु कॉलम संख्या-3 में उल्लेखित अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीशों के न्यायालय सृजित एवं स्थापित करती है तथा इनकी बैठक का स्थान कॉलम संख्या-4 के अनुसार नियत करती है:-

क्र.स	जिला न्यायाधीशों के न्यायालय का नाम	अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीशों के न्यायालय का नाम	बैठक का स्थान
1	2	3	4
	जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर जिला	अपर जिला न्यायाधीश, संख्या-4, कोटपूतली	कोटपूतली
	जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर जिला	अपर जिला न्यायाधीश, संख्या-2, शाहपुरा	शाहपुरा

नोट:- शाहपुरा में कार्यरत अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय का नाम परिवर्तित कर अपर जिला न्यायाधीश संख्या-1 निर्धारित किया जाता है एवं उपरोक्त नवसृजित न्यायालयों का स्थानीय क्षेत्राधिकार राजस्थान सिविल न्यायालय, अध्यादेश, 1950 की धारा 10(3) एवं 7(2) एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, के प्रावधानों के अन्तर्गत संबंधित जिला एवं सैशन न्यायाधीशों द्वारा निर्धारित किया जायेगा एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 9(3) के अन्तर्गत राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अपर सैशन न्यायाधीश की शक्तियां प्रदान की जायेगी।

राज्यपाल के आदेश से,
विनोद कुमार भारवानी,
प्रमुख शासन सचिव ।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।